डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म. प्र.)
DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M. P.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय / A Central University)
(नैक द्वारा A+ प्रत्यायित / A+ NAAC Accredited)

प्रो. नीलिमा गुप्ता
Prof. Neelima Gupta
कुलपति / Vice-Chancellor

Ex Vice-Chancellor
CSJM University, Kanpur
Tilka Manjhi Bhagalpur University, Bhagalpur
Munger University, Munger (Addl. Charge)

क्र. : कुलपति / 2024 / 101

दिनांक : 22 अप्रैल, 2024

प्रति,

डॉ. राजन चोपड़ा,
प्रकाशक और मुद्रक,
एक्सेल ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड,
1ई / 14, झंडेवालान् एक्सटेंशन
नई दिल्ली – 110055

महोदय,

आकाशवाणी द्वारा प्रसारित किए जाने वाले कार्यक्रम 'मन की बात' के 101 एपीसोड का संग्रह कर लिखी गई पुस्तक **"मन की बात – भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रेडियो क्रांति"** बहुत ही सराहनीय है।

भारत के माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश के नागरिकों से सीधा संवाद करते हैं। इस कार्यक्रम में लगातार उन मुद्दों एवं चुनौतियों पर चर्चा की जाती है जिनका देश हर दिन सामना करता है। विद्यार्थियों में परीक्षा के दौरान परीक्षा और उसका डर, व्यापारियों के लिए जीएसटी के फायदे, किसानों के लिए किसान और एमएसपी, गरीब वर्ग के लोगों के लिए जनधन योजना की सफलता, कोरोना काल में कोरोना के खिलाफ लड़ाई, चंद्रयान–2 प्रक्षेपण, भारतीय वैज्ञानिकों की सफलता, महिला सशक्तीकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, आयुष्मान भारत योजना, स्वच्छ भारत अभियान, मेक इन इंडिया ताकत, एक भारत श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत की दिशा, 21वीं सदी का भारत जैसे कई आयामों को प्रधानमंत्री जी ने आकर्षक ढंग से प्रस्तुत कर आम लोगों से सीधा संवाद किया है।

एक्सेल ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक के प्रकाशन हेतु मैं हार्दिक बधाई प्रेषित करती हूँ। साथ ही पुस्तक में मेरा संदेश प्रकाशित करने हेतु तथा पुस्तक की प्रति भेजने के लिए आपको धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ।

धन्यवाद सहित !

भवदीया

(प्रो. नीलिमा गुप्ता)